Title: Need to accord sanction of the pending proposals for construction of National Highways and others roads in Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान नए छत्तीसगढ़ राज्य की तरफ दिलाना चाहता हूं। छत्तीसगढ़ नया राज्य बनने से पहले वहां की सड़कें जर्जर हालत में हैं। वहां आवागमन की सुविधा अवरूद्ध हो गई है। छत्तीसगढ़ नया राज्य बनने के बाद इसकी राजधानी रायपुर हो गई। बिलासपुर में हाई कोर्ट, रेलवे जोन और अन्य संभागीय कार्यालय हैं लेकिन लोगों को राजधानी आने-जाने में असुविधा हो रही है। वहां ट्रैफिक बढ़ गया है जिससे अधिकतर दुर्घटनाएं हो रही हैं। सीआरएफ रोड के अन्तर्गत राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजे हैं जो पैंडिंग हैं। पैंडिंग वर्क को शीघ्र स्वीकृति दी जाए। वे सड़कें निम्नलिखित हैं - चिरहुल्ला से पथरिया, पथरिया से छिंदभोग, पेंडरा से केच्ची, रतनपुर-बेलगहना रोड, बिलासपुर-मूंगेली से पंडरिया, मुंगेली-जबलपुर वाया मुंगेली और मुंगेली से रायपुर सड़कें राजधानी को जोड़ती हैं। मैं इन सड़कों की स्वीकृति दिए जाने हेतु अनुरोध करता हूं। मेरी मांग पर जरूर ध्यान दिया जाए और पैडिंग रोड्स को स्वीकृति दी जाए। धन्यवाद।